भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-4993

उत्तर देने की तारीख-23/03/2026

तेलंगाना में जवाहर नवोदय विद्यालय

†4993. **श्री रमासहायम रघुराम रेड्डी:**

श्री वाममसि कृष्णा गद्दाम:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नवोदय विद्यालय योजना के उद्देश्य के अनुसार देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) होना चाहिए और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने तेलंगाना राज्य के छूटे हुए जिलों में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार दीर्घकाल से लंबित मांग और ग्रामीण छात्रों के शैक्षिक विकास के लिए ऐसे संस्थानों के महत्व को ध्यान में रखते हुए तेलंगाना के पेद्दापल्ली और मंचेरियल जिलों में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) स्थापित करने का है;

(घ) यदि हां, तो प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है, अनुमोदन की स्थिति क्या है और इन जवाहर नवोदय विद्यालयों की संस्वीकृति और निर्माण की समय-सीमा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इन प्रस्तावों को स्वीकृति न दिए जाने के क्या कारण हैं और क्या सरकार इन जिलों में छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस अनुरोध पर पुनर्विचार करना चाहती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ङ) : नवोदय विद्यालय योजना के तहत देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय (एनवी) खोलने की परिकल्पना की गई है। नए नवोदय विद्यालयों को खोलना एक सतत् प्रक्रिया है जो जब तक स्थायी भवन का निर्माण नहीं हो जाता तब तक संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की स्थायी भवन के निर्माण के लिए निशुल्क अपेक्षित उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने और विद्यालय के संचालन के लिए आवश्यक अस्थायी भवन को किराए से मुक्त करके उपलब्ध कराने की इच्छा पर निर्भर करती है। नए नवोदय विद्यालयों की स्वीकृति और उद्घाटन

मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पर निर्भर करता है। वर्तमान में, देश के 666 जिलों को इस योजना के तहत शामिल किया गया है और देश में अब तक कुल 689 नवोदय विद्यालय स्वीकृत किए गए हैं।

नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में तेलंगाना राज्य में 16 नवोदय विद्यालय (अर्थात कामारेड्डी, करीमनगर, खम्मम, कुमुराम भीम आसिफाबाद, नगर कुरनूल, नल्गोंडा, रंगा रेड्डी, सिद्दिपेट, वारंगल, जगतियाल, निजामाबाद, भद्राद्री-कोठागुडेम, मेडचल-मलकजगिरी, महबूबनगर, सांगा रेड्डी और सूर्यपेट) स्वीकृत हैं और इन 16 नवोदय विद्यालयों में से 15 नवोदय विद्यालय वर्तमान में कार्यरत हैं।

*****